पंचदश

बिहार विधान-सभा

अष्टम् सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{06 फाल्गुन, 1934 (श0)}}{\text{25 फरवरी, 2013 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 05

(1) वाणिज्य-कर विभाग	..	..	02
(2) वित्त विभाग	..	..	01
(3) गृह विभाग	..	..	02
		कुल योग -	05

हानि को रोकना

15. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 38 जिलों के 6630 स्थायी चिमनी भट्ठे खनन् विभाग में पंजीकृत हैं, जबकि वाणिज्य–कर विभाग में सिर्फ 1700 भट्ठे निबंधित हैं, यदि हाँ, तो इस मद में वाणिज्य–कर हानि को रोकने हेतु सरकार की क्या योजना है ? .

वंचना से रोकना

16. श्री विनोद नारायण झा—क्या मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि हावड़ा–दानापुर एक्सप्रेस और दूरंतो एक्सप्रेस में 10 जनवरी, 2013 को छापामारी कर रेल पुलिस ने पटना जंक्शन पर 8,357 किलो ग्राम सोना और 13 किलो ग्राम चाँदी बरामद किया और उसकी सूचना वाणिज्य–कर विभाग को दी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त आभूषण बिना वैद्य परमिट के कलकत्ता से लाये गये थे और गत दो माह में बिना परमिट के लायी गयी यह तीसरी खेप थी जो रेल पुलिस द्वारा पकड़ी गयी और उसकी सूचना वाणिज्य–कर विभाग को मिली ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वर्ण–आभूषणों के व्यापारियों द्वारा राज्य में की जा रही वाणिज्य–कर की वंचना को रोकने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य योजना

17. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रत्येक राज्य को उनकी जरूरत के हिसाब से गृह मंत्रालय, भारत सरकार हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराता है, परंतु बिहार राज्य को हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने से अप्रील, 2012 में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इन्कार कर दिया है, यदि हाँ, तो इस भरपाई हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

कार्रवाई करना

18. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार जमाकर्ताओं के हित संरक्षण अधिनियम, 2004 के तहत जमाकर्ताओं के पैसे लेकर चंपत होने वाली कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार से पिछले 20 वर्षों में 400 नॉन–बैंकिंग कंपनियां 1600 करोड़ रुपये उगाह कर फरार हो चुकी हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन फरार कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

19. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—दिनांक 24 दिसम्बर, 2012 को पटना से प्रकाशित अंग्रेजी दैनिक समाचार–पत्र में छपे शीर्षक "Women's abuse rampant in Bihar, reveal NCRB figures" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2008 की अपेक्षा वर्ष 2011 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें वर्ष 2011 में सिर्फ महिलाओं के अपहरण की संख्या 3,000 है, जो 2008 की अपेक्षा 104 प्रतिशत अधिक है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो महिलाओं के विरुद्ध बढ़े हुए इस अप्रत्याशित आपराधिक घटनाओं के लिए कौन जिम्मेवार है और इसे रोकने के लिए सरकार कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

पटना :
दिनांक 25 फरवरी, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 215–डी0टी0पी0–450